Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-march-2020

हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा

हाल ही में हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा को कोरोनावायरस (COVID-19) के उपचार के लिये एक आवश्यक दवा घोषित किया गया था, जिसके पश्चात् भारत सरकार ने इस दवा को अनुसूची H1 में शामिल कर कर दिया है, जिसके साथ ही इस देश में इस दवा के निर्यात पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन और उसके फार्मूले के साथ बनने वाली अन्य सभी दवाओं को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम (Drugs and Cosmetics Act) की अनुसूची H1 में शामिल किया है। नियमों के अनुसार, अनुसूची H1 में शामिल दवा को पंजीकृत डाक्टर की अनुसंशा के बिना नहीं बेचा जा सकता है। साथ ही विक्रेता के लिये डॉक्टर की उस पर्ची को ड्रग विभाग के पास भी जमा करना अनिवार्य होता है। यह अनुसूची वर्ष 2013 में प्रस्तुत की गई थी। अभी तक इस सूची में एड्स समेत ऐसी गंभीर बीमारियों की दवाएँ शामिल की गई हैं, जिनका शरीर पर गंभीर दुष्प्रभाव होता है, किंतु मरीज़ की जान बचाने के लिये इन दवाओं का प्रयोग आवश्यक होता है।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर में कमी- मूडीज़

वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने वित्तीय वर्ष 2020 में भारत की आर्थिक वृद्धि के पहले के अपने अनुमान को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया है। इससे पूर्व मूडीज़ ने इस अवधि के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। मूडीज़ के अनुसार, कोरोनावायरस संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कारोनावायरस आर्थिक गतिविधियाँ लगभग रुक गई हैं और इसी वजह से देश की वृद्धि दर घटने का अनुमान है। मूडीज़ के अनुसार, भारत में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास नकद की कमी के चलते भारत में ऋण प्राप्त करने को लेकर पहले से ही बड़ी बाधा चल रही है।’

‘ऑपरेशन नमस्ते’

हाल ही में भारतीय थल सेना ने देश में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये ‘ऑपरेशन नमस्ते’ लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन के तहत सेना भारत सरकार को घातक बीमारी से लड़ने में मदद करेगी। इस ऑपरेशन के तहत थल सेना ने अब तक 8 क्वारंटाइन स्थापित किये हैं। साथ ही, हेल्प लाइन नंबर भी जारी किये गए हैं। सैनिकों के परिवारों के लिये सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है। सेना ने जवानों को सुरक्षित रखने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं, क्योंकि परिचालन और सामरिक कारणों से सामाजिक दूरी को बनाए रखना मुश्किल है। भारतीय थल सेना भारतीय सशस्त्र बलों का एक महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1 अप्रैल, 1895 को ब्रिटिश भारतीय सेना के रूप में की गई थी। भारतीय सेना का प्राथमिक कार्य राष्ट्रीय की सुरक्षा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करना है।

हिमाचल प्रदेश 100 प्रतिशत LPG प्राप्तकर्त्ता

हाल ही में हिमाचल प्रदेश, देश का प्रथम '100 प्रतिशत LPG गैस प्राप्तकर्त्ता' राज्य बन गया है। हिमाचल प्रदेश की 'हिमाचल गृहणी सुविधा योजना' के तहत राज्य में लगभग सभी लोगों के पास LPG गैस की सुविधा उपलब्ध है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कार्यान्वयन के पश्चात् राज्य सरकार ने मई 2018 में शेष घरों को कवर करने के लिये 'हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना' शुरू की थी। 27 दिसंबर, 2019 तक राज्य में 2.64 लाख एलपीजी गैस कनेक्शन जारी किये गए है, उल्लेखनीय है की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या 68.64 लाख है। राज्य सरकार की इस योजना के तहत राज्य के उन सभी लोगों को शामिल किया गया था, जिनके परिवार में पेंशनभोगी, आयकरदाता या सरकार, बोर्ड अथवा निगम आदि में परिवार का कोई सदस्य नहीं है।